- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल देश के 9 करोड़ 26 लाख से अधिक लाभार्थी किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किशत जारी करेंगे।
- मुख्य सचिव ने प्रदेश में एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये।
- प्रदेश के सांगानेर, अजमेर और पाली रेल्वे स्टेशनों का 850 करोड रूपये की लागत से होगा पुनर्विकास।
- देशभर में ईद–उल–अज़हा का पर्व पारम्परिक उल्लास से मनाया जा रहा है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल देश के 9 करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किशत जारी करेंगे। इसके तहत 20 हजार करोड़ रूपये सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तान्तरित होगें। इस अवसर पर 30,000 से ज्यादा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कृषि सखी प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में वाराणसी में किया जाएगा, जबकि देश के विभिन्न हिस्सों में पचास केंद्रों पर केन्द्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में कार्यकम होगें। हमारी संवाददाता ने बताया कि अजमेर में राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी उपस्थित रहेंगे।

.....................

000

प्रदेश में आगामी एक जुलाई से 3 नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू हो जायेंगे। मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में आज शासन सचिवालय में नये कानूनों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। श्री पंत ने कहा कि पुराने कानूनों के स्थान पर लाये जा रहे नये कानून हमारे संविधान की तीन मूल भावनाओं – व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवाधिकार और सभी के साथ समान व्यवहार के सिद्धांत के आधार पर बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध, मानव शरीर को प्रभावित करने जैसे मामलो को प्राथमिकता दी गयी है।
बैठक में मुख्य सचिव ने सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए कि तीन नए कानून के बारे में आमजन को जागरूक करें, खासकर महिलाओं और बच्चों को नये कानून के बारे में बताया जाये। श्री पंत ने गृह विभाग को निर्देश दिए कि वकीलों से समन्वय कर प्रत्येक ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, नगर निकाय, नगर पालिका को नए कानूनों से अवगत कराया जाए।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको जानकारी दे रहे हैं सामुदायिक सद्‌भाव के माध्यम से न्याय प्रदान किये जाने के बारे में–
भारतीय कानून प्रणाली में छोटे अपराधों के मामलों में नये आपराधिक कानूनों में सामुदायिक सेवा की शुरूआत एक क्रांतिकारी कदम है। सामुदायिक सेवा के तहत एक निश्चित समयावधि में बिना वेतन के काम कर क्षतिपूर्ति के रूप में की गई है। यह अपराधी को उसके द्वारा किये गये कार्यों के लिए जिम्मेदारी प्रदान करता है और कारावास की सजा के बोझ को कम करता है। सामुदायिक सेवा जरूरतमंद लोगों के लिए विभिन्न समूह में मदद कर सकती है। बच्चें, वरिष्ठ नागरिक, विकलांग और भाषा सीखने वाले समूह साथ ही आश्रय स्थलों पर जानवरों को मदद करती है। इसका उपयोग पार्क, ऐतिहासिक इमारतों और दर्शनीय स्थानों को बेहतर बनाने के लिए भी किया जा सकता है।

000

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 10वें संस्करण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर भद्रासन करते हुए अपना एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भद्रासन जोड़ों को मजबूत करने और घुटनों में दर्द को कम करने के लिए कारगर है, साथ ही पेट के लिए भी लाभकारी है। इधर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास और योग महोत्सव आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर में कल से शुरू हुआ अखण्ड योग आज सम्पन्न हो गया। नगर निगम ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की पहल पर शुरू किये गये इस योगाभ्यास में बिना रूके 1500 मिनट तक योगासन किये गये।

000

जयपुर के सांगानेर, अजमेर और पाली रेल्वे स्टेशन पर संस्कृति और विरासत की झलक देखने को मिलेगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने तीनों स्टेशन के पुनर्विकास योजना को मंजूरी दे दी है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में रेलमंत्री ने कहा कि जयपुर के सांगानेर स्टेशन को गांधीनगर और जयपुर जंक्शन की तरह विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। इन तीनों स्टेशनों पर करीब 850 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि खर्च होगी। इन्हें सिटी सेंटर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

00000

पश्चिम बंगाल में सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस से एक मालगाड़ी के टकराने से तीन रेलवे अधिकारियों सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गये। यह दुर्घटना आज सवेरे न्यू जलपाईगुडी रेलवे स्टेशन के पास हुई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मालगाडी, सिग्नल से आगे निकल गई और कंचनजंगा एक्सप्रेस के पिछले हिस्से से टकरा गई। गाडी के पिछले हिस्से में दो पार्सल वैन और गार्ड कोच लगे थे। उधर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीड़ितों को बढ़ी हुई अनुग्रह राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को दो लाख 50 हजार और मामूली रूप से घायल लोगों को 50 हजार रुपये दिये जायेंगे। रेल दुर्घटना को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दुःख व्यक्त करते हुए पीडित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी रेल दुर्घटना में मृतकों के परिजनों और घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

000

ईद–उल–अज़हा आज देशभर में पारम्परिक उल्लास से मनाया जा रहा है। प्रदेशभर में इस अवसर ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। राजधानी जयपुर में दिल्ली रोड़ स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में एक साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सजदे में सर झुकाये और देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। केकडी में मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने सामूहिक नमाज अदा की। शहर में ईदगाह, भट्टा कॉलोनी स्थित मदीना मस्जिद सहित विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की गई। वहीं टोंक जिले में भी ईद–उल–अजहा का पर्व पारम्परिक हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर स्थित इदगाह में सामुहिक नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिल मुबारक बाद दी। बारां में अस्पताल रोड स्थित ईदगाह पर ईद की नमाज अता की गई और देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। बीकानेर में भी ईद–उल–अज़हा का पर्व पारम्परिक उल्लास से मनाया जा रहा है। चित्तौडगढ में ईदगाह में शहर काजी अब्दुल मुश्तफा चिश्ती की सदारत में ईद की नमाज अदा की गई। जिले के कपासन, निम्बाहेडा, बेगू, बडी सादडी सहित विभिन्न कस्बों में भी सामुहिक नमाज अदा की गई। इस मौके पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को जकात के रूप में दान भी दिया गया। उदयपुर, चूरू और धौलपुर में भी ईद–उज–अजहा का पर्व पारम्परिक उल्लास से मनाया जा रहा है।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर निर्जला एकादशी का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भरतपुर में मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान हुए। किला स्थित बिहारी जी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कई स्थानों पर शरबत की छबील और ठण्डे पानी की प्याऊ लगायी। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने गोवर्धन धाम पहुंचकर सप्तकोसीय परिक्रमा लगायी। वहीं गौशालाओं में गायों को हरा चारा खिलाकर गायों की भी पूजा की। राज्य के कई स्थानों पर निर्जला एकादशी का पर्व कल भी मनाया जाएगा । सीकर जिले के प्रसिद्ध खाटू श्याम जी मन्दिर में निर्जला एकादशी के मौके पर सुबह से श्रद्धालुओं का आना जारी है। उदयपुर में निर्जला एकादशी का पर्व धार्मिक परम्पराओं के अनुसार मनाया जा रहा है। जगदीश जी मन्दिर, श्रीनाथ जी मन्दिर में सुबह से भक्तों का आना जारी है। शहर में विभिन्न स्थानों पर आमजन को शर्बत, फल आदि का वितरण किया जा रहा है।

0000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर मौसम शुष्क रहा। दिन और रात के तापमान में गिरावट के बावजूद तेज गर्मी और उमस का असर बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिले आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक 46 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं ज्यादातर स्थानों पर तापमान 42 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। बीकानेर और जयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर हीट वेव दर्ज की गई है। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, चूरू, झुन्झुनू, अलवर, भरतपुर, दौसा, करोली और धौलपुर जिलों में हीट वेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं 19 जून से कोटा, उदयपुर, जयपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बरसात हो सकती है।

00000

प्रदेश के 26 राजकीय महाविद्यालयों का जल्द ही कायाकल्प होगा। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान –पीएम उषा योजना के तहत बूंदी जिले को 10 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया गया है। इसके तहत जिले के नैनवा और हिंडोली के राजकीय महाविद्यालयों का आधुनिकरण होगा। इस योजना के तहत देश के 321 कॉलेजों के लिए अलग–अलग बजट जारी किया गया है। वहीं पीएम उषा योजना के तहत राज्य के कुल 26 कॉलेजों को पांच–पांच करोड रुपए की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

000